जिलाधिकारी

दिनांक 05.03.2024 को महोदय की अध्यक्षता मे कलेक्ट्रेट, हमीरपुर में अपरान्ह 12:00 बजे से जल जीवन मिशन के अन्तर्गत पत्यौरा डांडा, हरौलीपुर ग्राम समूह पेयजल योजना तथा पुर्नगठन योजनाओं के निर्माण कार्य की प्रगति, हर घर जल ग्राम घोषित किये जाने तथा आ रही समस्याओं के समाधान के सम्बन्ध में समीक्षा बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में मुख्य विकास अधिकारी, हमीरपुर, अपर जिलाधिकारी (नमामि गंगे), अधिशासी अभियन्ता जल निगम (ग्रामीण), हमीरपुर तथा पी0एम0सी0, टी0पी0आई0 तथा कार्यदायी फर्मो के प्रतिनिधियों ने बैठक में प्रतिभाग किया, जिसमें आपसे प्राप्त दिशा निर्देश एवं बैठक का कार्यवृत्त निम्नवत तैयार कर लिया गया है:–

**पत्यौरा डांडा ग्राम समूह पाइप पेयजल योजना**

अधिशासी अभियन्ता, जल निगम (ग्रामीण) हमीरपुर द्वारा अवगत कराया गया कि पत्यौरा डांडा ग्राम समूह पेयजल (सतही स्त्रोत) योजना मे 131 राजस्व ग्राम सम्मिलित हैं एवं 17 राजस्व ग्राम में वाटर डिमांड ली गयी है, जिसमें विकास खण्ड मौदहा के 82 एवं विकास खण्ड सुमेरपुर के 66 राजस्व ग्रामों को आच्छादित किया जाना है। उपरोक्त परियोजना में 01 इन्टेकवेल, 01 डब्लू0टी0पी0, 10 सी0डब्लू0आर0, 46 अवर जलाशय 306.63 किमी0 राइजिंगमेन, 908.886 किमी0 वितरण प्रणाली तथा 47940 FHTC का कार्य किया जाना है, जिसका घटकवार प्रगति निम्नवत है:–

फर्म SPML-JWIL(JV) के प्रतिनिधि द्वारा बताया गया कि **इन्टेकवेल** (45 एम0एल0डी0), **डब्लू0टी0पी0** (45 एम0एल0डी0) तथा सभी **10 सी0डब्लू0आर0, 10 पम्प हाउस** का कार्य 100 प्रतिशत पूर्ण कर लिया गया है।

**अवर जलाशयः**–फर्म SPML-JWIL(JV) के प्रतिनिधि द्वारा बताया गया कि योजना में 46 नग अवर जलाशयों के सापेक्ष 43 अवर जलाशयों का टॉप डोम कार्य पूर्ण हो चुका है, 03 अवर जलाशयों का कार्य प्रगति पर है। फर्म के प्रतिनिधि द्वारा आश्वासन दिया गया कि **दिनांक–10.03.2024 तक 02 अवर जलाशय तथा 31.3.2024 तक 01 अवर जलाशय** का कार्य पूर्ण कर फंक्शनल कर दिया जायेगा। अधिशासी अभियंता, जल निगम (ग्रामीण), हमीरपुर द्वारा बताया गया कि फर्म द्वारा पूर्ण किये गये 43 अवर जलाशयों के सापेक्ष मात्र 32 अवर जलाशय फंक्शनल किये गये हैं।

जिलाधिकारी महोदय द्वारा अवर जलाशयों के फंक्शनल किये जाने की धीमी प्रगति पर असंतोष प्रकट किया गया तथा फर्म को निर्देशित किया कि अवशेष सभी अवर जलाशयों पर पर्याप्त टीमें लगाकर एक साथ समान्तर रूप से कार्य करायें, अवर जलाशयों को फंक्शनल करना सुनिश्चित करें।

**राइजिंगमेन एवं वितरण प्रणालीः**–फर्म के प्रतिनिधि द्वारा बताया गया कि योजना में प्रस्तावित राइजिंगमेन 306.36 किमी0 के सापेक्ष 0.26 किमी0 पाईप लाइन बिछाये जाने का कार्य तथा प्रस्तावित वितरण प्रणाली 908.886 किमी0 के सापेक्ष 0.656 किमी0 पाईप लाइन बिछाये जाने का कार्य शेष है। जिलाधिकारी महोदय द्वारा पाइपलाइन बिछाये जाने की धीमी प्रगति पर असंतोष व्यक्त किया गया। कार्यदायी फर्म द्वारा आवश्वासन दिया गया कि **दिनांक–31.03.2024 तक राइजिंगमेन तथा वितरण प्रणाली** पाइप बिछाने का कार्य पूर्ण कर लिया जायेगा।

FHTC **कनेक्शनः**–फर्म के प्रतिनिधि द्वारा बताया गया कि योजना मे प्रस्तावित 47940 FHTC के सापेक्ष 46682 नग FHTC का कार्य पूर्ण किया गया है। जिलाधिकारी महोदय ने फर्म के प्रतिनिधि को निर्देशित किया कि अवशेष 1258 नल संयोजनों को दिनांक–31.03.2024 तक पूर्ण करा लिया जाय।

**टेस्टिंग एवं कमिशनिंगः**–फर्म के प्रतिनिधि द्वारा बताया गया कि 127 राजस्व ग्रामों में फ्लशिग व टेस्टिंग का कार्य पूर्ण कर लिया गया है। फर्म के प्रतिनिधि द्वारा आवश्वासन दिया गया कि **दिनांक–15.03.2024 तक 03 ग्रामों** में तथा दिनांक–30.03.2024 तक अवशेष 01 ग्राम में टेस्टिंग पूर्ण कर ली जायेगी। जिलाधिकारी महोदय द्वारा निर्देशित किया गया कि फ्लशिग व टेस्टिंग का कार्य पूर्ण किये गये सभी ग्रामों में निरंतर रूप से जलापूर्ति सुनिश्चित करें।

**रोड रेस्टोरेशनः**–फर्म के प्रतिनिधि द्वारा बताया गया कि अभी तक 109 राजस्व ग्रामों में सी0सी0 रेस्टोरेशन तथा 78 ग्रामों बी0ओ0ई0 रेस्टोरशन कार्य किया गया है। जिलाधिकारी महोदय द्वारा सड़क पुर्ननिर्माण कार्य की प्रगति पर



Scanned with OKEN Scanner

असंतोष व्यक्त किया गया। फर्म के प्रतिनिधि द्वारा आश्वासन दिया गया कि **दिनांक 07.03.2024 तक 08, 14.03.2024 तक 12, 21.03.2024 तक 20 तथा 30.03.2024 तक अवशेष सभी ग्रामों में** सी0सी0 रेस्टोरेशन, बी0ओ0ई0 तथा पेवर ब्लाक का कार्य पूर्ण किया जायेगा। कार्यदायी फर्म को निर्देशित किया कि जिन–जिन राजस्व ग्रामों में रोड़–रेस्टोरेशन का कार्य अवशेष है, उसे पर्याप्त मानवश्रम लगाकर पूर्ण कराना सुनिश्चित करें।

**हर घर जल सर्टीफिकेट**:–फर्म के प्रतिनिधि द्वारा बताया गया कि 80 राजस्व ग्राम के हर घर जल सर्टीफिकेट प्राप्त किये जा चुके हैं। जिलाधिकारी महोदय हर घर जल सर्टीफिकेट प्राप्त किये जाने की धीमी प्रगति पर असंतोष प्रकट किया गया। फर्म के प्रतिनिधि द्वारा आश्वासन दिया गया कि **दिनांक–07.03.2024 तक 5, दिनांक–14.03.2024 तक 05, दिनांक–21.03.2024 तक 05 तथा 30.03.2024 तक अवशेष सभी** हर घर जल सर्टीफिकेट प्राप्त कर लिया जायेगा। फर्म को निर्देशित किया गया कि कार्ययोजना के अनुसार पर्याप्त टीमें लगाकर रोड़–रेस्टोरेशन, एच0टी0सी0 का कार्य पूर्ण कर तथा निरंतर रूप से जलापूर्ति करते हुए हर घर जल सर्टीफिकेट प्राप्त करना सुनिश्चित करें।

<u>हरौलीपुर ग्राम समूह सतही एवं भूजल आधारित पाइप पेयजल योजना</u>

अधिशासी अभियंता उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण), हमीरपुर द्वारा अवगत कराया गया कि हरौलीपुर ग्राम समूह सतही पेयजल योजना के माध्यम से कुरारा के 28 ग्राम सम्मिलित है तथा 11 ग्रामों की वाटर डिमांड ली गयी है तथा हरौलीपुर ग्राम समूह भूजल पेयजल योजना के माध्यम से विकास खण्ड मुस्करा, सरीला, राठ एवं गोहाण्ड के 165 राजस्व ग्राम सम्मिलित हैं।

<u>हरौलीपुर ग्राम समूह सतही पेयजल योजना</u>–:

हरौलीपुर सतही स्त्रोत योजनान्तर्गत 01 इन्टेकवेल (9 MLD), 01 डब्लू0टी0पी0 (8 MLD), 12 नग अवर जलाशय तथा 05 नग सी0डब्लू0आर0, राइजिंगमेन 84.084 किमी0, वितरण प्रणाली पाइप 184.372 किमी0 तथा 9636 FHTC का कार्य किया जाना है, जिसके सापेक्ष समस्त कार्य पूर्ण कर लिया गया।

**<u>हरौलीपुर ग्राम समूह भूजल पाइप पेयजल योजना</u>–:**

हरौलीपुर नलकूप आधारित योजनान्तर्गत 123 नग नलकूप, 118 नग अवर जलाशय, 1 नग सी0डब्लू0आर0 वितरण प्राणाली के लिए पाईप बिछाने का कार्य 977.42 किमी0, 103 नग स्टाफ क्वाटर तथा 53504 FHTC का कार्य किया जाना है, जिसका घटकवार प्रगति निम्नवत है:–

**नलकूप**:–कार्यदायी फर्म PNC-SPML(JV) के प्रतिनिधि द्वारा बताया गया कि नलकूप आधारित योजना में प्रस्तावित सभी 123 नग नलकूप का कार्य पूर्ण कर लिया गया है।

**पम्प हाउस**:– कार्यदायी फर्म के प्रतिनिधि द्वारा बताया गया कि योजना में कुल 123 नग पम्प हाउस के सापेक्ष 119 नग पम्प हाउस का कार्य पूर्ण कर लिया गया है, 04 नग पम्प हाउस का कार्य प्रगति पर है। फर्म के प्रतिनिधि द्वारा आश्वासन दिया गया कि **दिनांक–11.03.2024 तक 02 तथा 18.03.2024 तक अवशेष 02 पम्प हाउसों का कार्य** पूर्ण कर लिया जायेगा। जिलाधिकारी महोदय द्वारा कार्य की प्रगति पर असंतोष व्यक्त किया कि फर्म द्वारा पूर्व में **दिनांक 28.02.2024** तक पम्प हाउस का कार्य पूर्ण करने का आश्वासन दिया गया था, फर्म के प्रतिनिधि को निर्देशित किया कि मैनपावर व मशीनरी लगाकर पम्प हाउस का कार्य यथाशीघ्र पूर्ण कर फंक्शनल करना सुनिश्चित करें।

**अवर जलाशय**:–कार्यदायी फर्म PNC-SPML(JV) के प्रतिनिधि द्वारा अवगत कराया गया कि योजना में प्रस्तावित 118 नग अवर जलाशय के सापेक्ष 109 अवर जलाशयों पर टॉप डोम का कार्य पूर्ण तथा 09 अवर जलाशयों का कार्य प्रगति पर है। जिलाधिकारी महोदय द्वारा अवर जलाशयों के धीमी प्रगति पर असंतोष व्यक्त किया गया। फर्म के प्रतिनिधि द्वारा आश्वासन दिया गया कि **दिनांक–11.03.2024 तक 7 तथा 18.03.2024 तक शेष 02** अवर जलाशय का कार्य पूर्ण कर फंक्शनल कर दिया जायेगा। जिलाधिकारी महोदय ने फर्म के प्रतिनिधि को निर्देशित किया कि शेष अवर जलाशयों पर पर्याप्त मानवश्रम लगाकर समान्तर रूप से निर्धारित ड्राइंग डिजाइन एवं गुणवत्तापूर्ण कार्य पूर्ण कराते हुए कार्ययोजना के अनुसार पूर्ण कर फंक्शनल करना सुनिश्चित करें।

**वितरण प्रणाली/राइजिंगमेन**:–कार्यदायी फर्म PNC-SPML(JV) के प्रतिनिधि द्वारा बताया गया कि योजना में प्रस्तावित 975 किमी0 वितरण प्रणाली बिछाने का कार्य पूर्ण कर लिया गया है तथा 0.37 किमी0 राइजिंगमेन बिछाने का कार्य



Scanned with OKEN Scanner

शेष है। जिलाधिकारी महोदय द्वारा फर्म पी0एन0सी0–एस0पी0एम0एल0(जेवी) के प्रतिनिधि को निर्देशित किया कि वितरण प्रणाली/राइजिंगमेन का कार्य **दिनांक–11.03.2024 तक पूर्ण** करना सुनिश्चित करें।

FHTC **कनेक्शनः**–एजेंसी के प्रतिनिधि द्वारा बताया गया कि योजना में 53504 FHTC के निर्धारित लक्ष्य के सापेक्ष 53368 HTC का कार्य पूर्ण कर लिया गया है। जिलाधिकारी महोदय द्वारा पी0एन0सी0 प्रतिनिधि को निर्देशित किया कि पाइप फिटिंग/नल संयोजन का कार्य शत–प्रतिशत यथाशीघ्र पूर्ण करायें।

**रोड रेस्टोरेशनः**–कार्यदायी फर्म PNC-SPML(JV) के प्रतिनिधि द्वारा बताया गया कि योजना में 152 राजस्व ग्रामों में सी0सी0 रेस्टोरेशन किया जा चुका है तथा 91 ग्रामों में बी0ओ0ई0/पेवर ब्लाक का कार्य किया गया है। फर्म के प्रतिनिधि द्वारा आश्वासन दिया गया कि **11.03.2024 तक 7 तथा** 18.03.2024 तक **06 राजस्व ग्रामों** में सी0सी0 रेस्टोरेशन का कार्य पूर्ण लिया जायेगा। इसी प्रकार **11.03.2024 तक 30, 18.03.2024 तक 32 तथा दिनांक–24.03.2024 तक 12 राजस्व ग्रामों में बी0ओ0ई0/पेवर ब्लॉक** का कार्य पूर्ण कर लिया जायेगा। जिलाधिकारी महोदय द्वारा सड़क रेस्टोरेशन की प्रगति पर असंतोष व्यक्त किया गया तथा कार्यदायी फर्म को निर्देशित किया कि जिन–जिन राजस्व ग्रामों में रोड–रेस्टोरेशन/बी0ओ0ई0 का कार्य अवशेष है, साप्ताहिक कार्ययोजना के अनुसार पूर्ण कराना सुनिश्चित करे।

**टेस्टिंग एवं कमिशनिंगः**–कार्यदायी फर्म PNC-SPML(JV) के प्रतिनिधि द्वारा बताया गया कि हरौलीपुर ग्राम समूह पेयजल भूजल योजना में 165 ग्रामों के सापेक्ष 160 राजस्व ग्रामों में टेस्टिंग कमिशनिंग का कार्य पूर्ण कर निरंतर रूप से पेयजल की आपूर्ति की जा रही है। फर्म के प्रतिनिधि द्वारा आश्वासन दिया गया कि दिनांक **18.03.2024 तक** 02 तथा 24.03.2024 तक अवशेष सभी 03 राजस्व ग्रामों में कमिशनिंग कार्य पूर्ण कर लिया जायेगा। जिलाधिकारी महोदय द्वारा फर्म के प्रतिनिधि को निर्देशित किया कि अवशेष सभी ग्रामों में कमिशनिंग का कार्य पूर्ण करते हुए निर्बाध रूप से पेयजल आपूर्ति सुनिश्चित करें।

**हर घर जल सर्टीफिकेटः**–कार्यदायी फर्म के प्रतिनिधि द्वारा बताया गया कि हरौलीपुर ग्राम भूजल योजना के अन्तर्गत 99 राजस्व ग्रामों के हर घर जल सर्टीफिकेट प्राप्त किया जा चुका है। जिलाधिकारी महोदय हर घर जल सर्टीफिकेट प्राप्त किये जाने की धीमी प्रगति पर असंतोष प्रकट किया गया कि 160 ग्रामों में जलापूर्ति के सापेक्ष मात्र 99 हर घर जल सर्टीफिकेट प्राप्त किये गये हैं। उक्त से स्पष्ट होता है कि टेस्टिंग कार्य पूर्ण किये गये सभी ग्रामों में निरंतर जलापूर्ति नहीं की जा रही है जिसके कारण हर घर जल सर्टीफिकेट प्राप्त करने में अपेक्षित प्रगति नहीं हो रही है। फर्म के प्रतिनिधि द्वारा आश्वासन दिया गया कि **दिनांक–11.03.2024 तक** 20, **18.03.2024 तक 25, तथा 24.03.2024 तक 21** हर घर जल सर्टीफिकेट प्राप्त कर लिया जायेगा। जिलाधिकारी महोदय द्वारा फर्म PNC-SPML(JV) के प्रतिनिधि को निर्देशित किया पर्याप्त टीमें लगाकर रोड–रेस्टोरेशन, एच0टी0सी0 का कार्य पूर्ण करते हुए तथा निरंतर रूप से जलापूर्ति करते हुए साप्ताहिक कार्ययोजना के अनुसार **शत–प्रतिशत** हर घर जल सर्टीफिकेट प्राप्त करना सुनिश्चित करें।

## पुर्नगठन पेयजल योजना

अधिशासी अभियंता, जल निगम (ग्रामीण) द्वारा अवगत कराया गया कि जल जीवन मिशन की पुर्नगठन योजना में 11 पैकेज के कुल 108 ग्राम आच्छादित हैं। पुर्नगठन योजना का अनुबंध अगस्त, 2023 में किया गया है।

1–मै0 अनिल कुमारः–

1. **नलकूपः**–अधिशासी अभियंता, जल निगम (ग्रामीण) द्वारा बताया गया कि फर्म द्वारा 02 नलकूप के सापेक्ष सभी का कार्य पूर्ण कर लिया गया है।
2. **पम्प हाउसः**–अधिशासी अभियंता, जल निगम (ग्रामीण), हमीरपुर द्वारा अवगत कराया गया कि 02 नग पम्प हाउस का कार्य प्रगति पर है। फर्म द्वारा **दिनांक–21.03.2024 तक 01 तथा 31.03.2024 तक 01** नग पम्प हाउस का कार्य पूर्ण करने का आश्वासन दिया गया है।
3. **अवर जलाशयः**– अधिशासी अभियंता, जल निगम (ग्रामीण), हमीरपुर द्वारा अवगत कराया गया कि वर्तमान में 02 अवर जलाशयों के सापेक्ष 01 पर जी0एल0 लेबल पर तथा 01 अवर जलाशय पर स्टेजिंग का कार्य किया जा रहा है, फर्म द्वारा **दिनांक–14.04.2024** तक अवर जलाशय का कार्य पूर्ण करने का आश्वासन दिया गया है।



Scanned with OKEN Scanner

4. **वितरण प्रणाली**:–अधिशासी अभियंता, जल निगम (ग्रामीण), हमीरपुर द्वारा अवगत कराया गया कि फर्म द्वारा 2.4 किमी0 पाइप लाइन बिछाया जाना शेष है, फर्म द्वारा **दिनांक–07.03.2024 तक 1.5 किमी0 तथा दिनांक 14.03.2024 तक 0.90 किमी0** वितरण प्रणाली बिछाने का कार्य पूर्ण कर लिया जायेगा।
5. **एफ.एच.टी.सी.**– अधिशासी अभियंता, जल निगम (ग्रामीण), हमीरपुर द्वारा अवगत कराया गया कि 23 नग नल संयोजन किया जाना शेष है, जिसे फर्म द्वारा 14.03.2024 तक पूर्ण किये जाने का आश्वासन दिया गया है।
6. **रोड़–रेस्टोरेशन**:– अधिशासी अभियंता, जल निगम (ग्रामीण), हमीरपुर द्वारा अवगत कराया गया कि फर्म द्वारा अभी तक एक भी ग्राम में रोड़–रेस्टोरेशन का कार्य पूर्ण नहीं किया गया है तथा आवश्यक 03 टीमों के सापेक्ष मात्र 01 टीम लगायी गयी है, फर्म द्वारा **दिनांक–21.03.2024 तक 01 ग्राम में तथा दिनांक–06.04.2024 तक 02** ग्रामों में रेस्टोरेशन का कार्य पूर्ण किये जाने का आश्वासन दिया गया है।

जिलाधिकारी महोदय द्वारा पम्प हाउस, अवर जलाशय तथा रोड़–रेस्टोरेशन का कार्य की प्रगति पर असंतोष प्रकट किया गया तथा फर्म के प्रतिनिधि को निर्देशित किया कि पर्याप्त मानवश्रम व मशीनरी लगाकर सभी कम्पोनेन्ट पर एक साथ तथा कार्ययोजना के अनुसार स्वीकृत ड्राइंग डिजाइन एवं मानकों के अनुरूप कार्य कराना सुनिश्चित करें।

**2–मै0 श्री हरि इंफ्रा प्रोजेक्ट प्रा0 लि0**:– अधिशासी अभियंता, जल निगम (ग्रामीण) द्वारा अवगत कराया गया कि पुर्नगठन योजना में पैकेज संख्या 01, 03, 04, 06 के अन्तर्गत कुल 45 राजस्व ग्रामों को आच्छादित किया जाना है।

1. **नलकूप**:–फर्म के प्रतिनिधि द्वारा बताया गया कि 25 नलकूपों के सापेक्ष 22 नग नलकूपों का कार्य पूर्ण कर लिया गया है। फर्म के प्रतिनिधि द्वारा आवश्वासन दिया गया कि **दिनांक–14.03.2024 तक 01 तथा 21.03.2024 तक 02 नलकूपों** का कार्य पूर्ण कर लिया जायेगा।
2. **पम्प हाउस**:–फर्म के प्रतिनिधि द्वारा बताया गया कि 25 पम्प हाउस के सापेक्ष 03 का कार्य पूर्ण तथा शेष का कार्य प्रगति पर है, **दिनांक–21.03.2024 तक 05, 30.03.2024 तक 04, 07.04.2024 तक 05, 14.04.2024 तक 04 तथा 21.04.2024 तक 04 पम्प हाउस** का कार्य पूर्ण कर लिया जायेगा। अधिशासी अभियंता, जल निगम (ग्रामीण) हमीरपुर द्वारा बतया गया कि फर्म द्वारा 22 टीमों के सापेक्ष मात्र 12 टीमें लगायी गयी हैं, शेष 10 पम्प हाउस पर मानवश्रम के आभाव में कार्य बन्द है।
3. **अवर जलाशय**:–फर्म के प्रतिनिधि द्वारा बताया गया कि फर्म द्वारा 25 अवर जलाशयों के सापेक्ष 21 अवर जलाशयों पर कार्य किया जा रहा है। फर्म के प्रतिनिधि द्वारा आश्वासन दिया गया कि **दिनांक–30.03.2024 तक 03, 07.04.2024 तक 03, 14.04.2024 तक 3, 21.04.2024 तक 5, 28.04.2024 तक 08, 07.05.2024 तक 02 तथा 14.05.2024 तक 01 अवर जलाशय** का कार्य पूर्ण कर लिया जायेगा। अधिशासी अभियंता, जल निगम ग्रामीण, हमीरपुर द्वारा बताया गया कि फर्म द्वारा आवश्यक 25 टीमों के सापेक्ष मात्र 16 टीमें लगायी गयी हैं, जिससे कार्य में आपेक्षित प्रगति नहीं हो रही है।
4. **वितरण प्रणाली**:–फर्म के प्रतिनिधि द्वारा बताया गया कि 307.2 किमी0 के सापेक्ष 249.50 किमी पाइप लाइन बिछायी गयी है तथा आवश्यक 15 टीमों के सापेक्ष 10 टीमें लगायी गयी है। आश्वासन दिया गया कि **दि0 07.03.2024 तक 9.61 किमी, 14.03.2024 तक 9.62 किमी0, 21.03.2024 तक 9.62 किमी0, 28.03.2024 तक 9.62 किमी0, 07.04.2024 तक 9.62 किमी0, 14.04.2024 तक 9.62 किमी0** का कार्य पूर्ण कर लिया जायेगा।
5. **एफ.एच.टी.सी.**–फर्म के प्रतिनिधि द्वारा बताया गया कि 17501 एफ.एच.टी.सी. किया जाना शेष है, आश्वासन दिया गया कि **दि0 07.03.2024 तक 470, 14.03.2024 तक 570, 21.03.2024 तक 670, 28.03.2024 तक 670, 07.04.2024 तक 670, 14.04.2024 तक 770, 21.04.2024 तक 770 तथा 28.04.2024 तक 766 नल संयोजन** का कार्य पूर्ण कर लिया जायेगा।
6. **रोड़–रेस्टोरेशन**:–फर्म के प्रतिनिधि द्वारा बताया गया कि 10 ग्रामों में रोड़–रेस्टोरेशन का कार्य पूर्ण तथा 35 ग्रामों में शेष है। आवश्यक 20 टीमों के सापेक्ष 06 टीमें लगायी गयी है। फर्म के प्रतिनिधि द्वारा आश्वासन दिया गया कि **दि0 07.03.2024 तक 18.21 किमी, 14.03.2024 तक 18.21 किमी0, 21.03.2024 तक 18.21 किमी0, 28.03.2024 तक 18.21 किमी0, 07.04.2024 तक 18.21 किमी0, 14.04.2024 तक 18.21 किमी0** का कार्य पूर्ण कर लिया जायेगा।



Scanned with OKEN Scanner

जिलाधिकारी महोदय द्वारा कार्य की धीमी प्रगति पर असंतोष प्रकट किया गया, योजना के समस्त अवयवों पर मानवश्रम का आभाव है तथा फर्म के प्रतिनिधि को निर्देशित किया कि सभी कम्पोनेन्ट पर पर्याप्त मानवश्रम व मशीनरी लगाकर एक साथ तथा कार्ययोजना के अनुसार कार्य कराना सुनिश्चित करें।

**3–मै0 बी0के0 कंस्ट्रक्शन एण्ड कम्पनी:**–अधिशासी अभियंता, जल निगम (ग्रामीण) द्वारा अवगत कराया गया कि पुर्नगठन योजना में पैकेज संख्या 08, 09 के अन्तर्गत कुल 26 राजस्व ग्रामों को आच्छादित किया जाना है।

1 **नलकूप:**– अधिशासी अभियंता, जल निगम (ग्रामीण) द्वारा अवगत कराया गया 25 नलकूपों के सापेक्ष 20 नग नलकूपों का कार्य पूर्ण कर लिया गया है, 05 नलकूपों पर मानवश्रम के आभाव में कार्य बन्द है। फर्म द्वारा **दिनांक 14.03.2024 तक 01 तथा 21.03.2024 तक 02 नलकूपों** का कार्य पूर्ण किये जाने का आश्वासन दिया गया है।

2 **पम्प हाउस:**– अधिशासी अभियंता, जल निगम (ग्रामीण) द्वारा अवगत कराया गया कि 25 पम्प हाउस के सापेक्ष 09 का कार्य पूर्ण तथा शेष का कार्य प्रगति पर है। वर्तमान में 05 पम्प हाउस पर मानवश्रम के आभाव में कार्य बन्द है। फर्म द्वारा **दिनांक–14.03.2024 तक 2, 21.03.2024 तक 02, 28.03.2024 तक 03, 07.04.2024 तक 05 तथा 14.04.2024 तक 4 पम्प हाउस** का कार्य पूर्ण करने का आश्वासन दिया गया है।

3 **अवर जलाशय:**– अधिशासी अभियंता, जल निगम (ग्रामीण) द्वारा अवगत कराया गया कि फर्म द्वारा 08 अवर जलाशयों के सापेक्ष 5 अवर जलाशयों पूर्ण तथा 03 पर कार्य प्रगति पर है, फर्म द्वारा **दिनांक–21.03.2024 तक 01, 28.03.2024 तक 01, 07.04.2024 तक 01 अवर जलाशय** का कार्य पूर्ण करने का आश्वासन दिया गया है।

4 **वितरण प्रणाली:**– अधिशासी अभियंता, जल निगम (ग्रामीण) द्वारा अवगत कराया गया कि 193.66 किमी0 के सापेक्ष 179 किमी पाइप लाइन बिछायी गयी है, फर्म द्वारा दिनांक–**07.03.2024 तक 1.44 किमी, 14.03.2024 तक 2.44 किमी0, 21.03.2024 तक 2.44 किमी0, 28.03.2024 तक 3.44 किमी0, 07.04.2024 तक 2.44 किमी0 व 14.04.2024 तक 2.46 किमी0 पाइप लाइन** का कार्य पूर्ण करने का आश्वासन दिया गया है।

5 **एफ.एच.टी.सी.**– अधिशासी अभियंता, जल निगम (ग्रामीण) द्वारा अवगत कराया गया कि 13222 नल संयोजन के सापेक्ष 10207 नग नल संयोजन किया गया है, फर्म द्वारा **दि0 07.03.2024 तक 210, 14.03.2024 तक 330, 21.03.2024 तक 230, 28.03.2024 तक 230, 07.04.2024 तक 671, 14.04.2024 तक 672, 21.04.2024 तक 672 नल संयोजन** का कार्य पूर्ण करने का आश्वासन दिया गया है।

6 **रोड़–रेस्टोरेशन:**– अधिशासी अभियंता, जल निगम (ग्रामीण) द्वारा अवगत कराया गया कि 02 ग्रामों में रोड़ रेस्टोरेशन का कार्य पूर्ण तथा 19 ग्रामों में शेष हैं। आवश्यक 10 टीमों के सापेक्ष 05 टीमें लगायी गयी है।

जिलाधिकारी महोदय द्वारा कार्य की धीमी प्रगति पर असंतोष व्यक्त किया गया तथा निर्देशित किया कि पर्याप्त मानवश्रम तथा मशीनरी लगाकर नलकूप, पम्प हाउस, पाइप लेंइग, एच0एस0सी0, अवर जलाशय रिपेयरिंग आदि समस्त घटको का कार्य कार्ययोजना एवं मानकों के अनुरूप कराया जाय।

**4–मै0 नरेन्द्र कुमार गुप्ता, कॉन्ट्रेक्टर**–अधिशासी अभियंता, जल निगम (ग्रामीण) द्वारा अवगत कराया गया कि पुर्नगठन योजना में पैकेज संख्या 02 के अन्तर्गत कुल 05 राजस्व ग्रामों को आच्छादित किया जाना है।

1. **नलकूप:**–फर्म के प्रतिनिधि द्वारा बताया गया कि 11 नलकूपों के सापेक्ष 07 नग नलकूपों का कार्य पूर्ण कर लिया गया है। फर्म के प्रतिनिधि द्वारा आवश्वासन दिया गया कि **दिनांक–14.03.2024 तक 02 तथा 21.03.2024 तक 02 नलकूपों** का कार्य पूर्ण कर लिया जायेगा।
2. **पम्प हाउस:**–अधिशासी अभियंता, जल निगम (ग्रामीण) द्वारा अवगत कराया गया कि फर्म द्वारा मात्र 01 पम्प हाउस पर कार्य प्रारम्भ किया गया है, शेष 10 पम्प हाउस पर मानवश्रम के आभाव में कार्य बन्द है। फर्म के प्रतिनिधि द्वारा आश्वासन दिया गया कि **दिनांक–14.03.2024 तक 02, 21.03.2024 तक 02, 28.03.2024 तक 02, 07.04.2024 तक 02, 14.04.2024 तक 02 तथा 21.04.2024 तक 03 पम्प हाउस** का कार्य पूर्ण कर लिया जायेगा।
3. **अवर जलाशय:**–फर्म के प्रतिनिधि द्वारा बताया गया कि फर्म द्वारा 03 अवर जलाशयों के सापेक्ष सभी पर कार्य प्रगति पर है। फर्म के प्रतिनिधि द्वारा आश्वासन दिया गया कि **दिनांक–21.03.2024 तक 01, 07.04.2024 तक 1, 14.04.2024 तक 1 अवर जलाशय** का कार्य पूर्ण कर लिया जायेगा।



Scanned with OKEN Scanner

4. **वितरण प्रणाली:**–फर्म के प्रतिनिधि द्वारा बताया गया कि 68.6 किमी0 के सापेक्ष 54 किमी पाइप लाइन बिछायी गयी है। आश्वासन दिया गया कि **दि0 07.03.2024 तक 2.44 किमी व इसी प्रकार प्रत्येक सप्ताह 2.44 किमी0** पाइप लाइन बिछाने का कार्य किया जायेगा।
5. **एफ.एच.टी.सी.**–फर्म के प्रतिनिधि द्वारा बताया गया कि 6121 एफ.एच.टी.सी. के सापेक्ष 4120 एफ.एच.टी.सी. कनेक्शन का कार्य किया गया है, फर्म द्वारा आश्वासन दिया गया कि **दि0 07.03.2024 तक 283 नल संयोजन, 14.03.2024 तक 283, 21.03.2024 तक 283, 28.03.2024 तक 283, 07.04.2024 तक 283, 14.04.2024 तक 283, 21.04.2024 तक 283 तथा 28.04.2024 तक 283 नल संयोजन** का कार्य पूर्ण कर लिया जायेगा।
6. **रोड़–रेस्टोरेशन:**–अधिशासी अभियंता जल निगम ग्रामीण द्वारा अवगत कराया गया कि फर्म द्वारा 05 ग्रामों के सापेक्ष मात्र 01 ग्राम में रोड़–रेस्टोरेशन का कार्य पूर्ण किया गया है। फर्म के प्रतिनिधि द्वारा आश्वासन दिया गया कि **दि0 07.03.2024 तक 01 किमी, 14.03.2024 तक 1.5 किमी0, 21.03.2024 तक 2.8 किमी0, 28.03.2024 तक 05 किमी0, 07.04.2024 तक 5.5 किमी0, 14.04.2024 तक 6.5 किमी0** रोड़ रेस्टोरेशन का कार्य पूर्ण कर लिया जायेगा।

जिलाधिकारी महोदय द्वारा कार्य की धीमी प्रगति पर असंतोष व्यक्त किया गया तथा फर्म के प्रतिनिधि को निर्देशित किया गया कि पर्याप्त मानवश्रम तथा मशीनरी लगाकर सभी कम्पोनेन्ट पर एक साथ तथा कार्ययोजना के अनुसार कार्य सुनिश्चित करें।

**6–मै0 जय माँ लक्ष्मी कंस्ट्रक्शन:**–अधिशासी अभियंता, जल निगम (ग्रामीण) हमीरपुर द्वारा अवगत कराया गया कि पुर्नगठन योजना में पैकेज संख्या 10 व 11 के अन्तर्गत कुल 18 राजस्व ग्रामों को आच्छादित किया जाना है।

1. **नलकूप:**–फर्म के प्रतिनिधि द्वारा बताया गया कि 10 नलकूपों के सापेक्ष 06 नग नलकूपों का कार्य पूर्ण कर लिया गया है। फर्म के प्रतिनिधि द्वारा आवश्वासन दिया गया कि **दिनांक–07.03.2024 तक 01, 14.03.2024 तक 02 तथा 21.03.2024 तक 01 नलकूप** का कार्य पूर्ण कर लिया जायेगा।
2. **पम्प हाउस:**–अधिशासी अभियंता, जल निगम (ग्रामीण) द्वारा अवगत कराया गया कि फर्म द्वारा मात्र 02 पम्प हाउस पर कार्य प्रारम्भ किया गया है, शेष 08 पम्प हाउस पर मानवश्रम के आभाव में कार्य बन्द है। फर्म के प्रतिनिधि द्वारा आश्वासन दिया गया कि **दिनांक–28.03.2024 तक 04, 07.04.2024 तक 04 तथा 15.04.2024 तक 02 पम्प हाउस** का कार्य पूर्ण कर लिया जायेगा।
3. **अवर जलाशय:**–फर्म के प्रतिनिधि द्वारा बताया गया कि फर्म द्वारा 06 अवर जलाशयों के सापेक्ष सभी पर कार्य प्रगति पर है। फर्म के प्रतिनिधि द्वारा आश्वासन दिया गया कि **दिनांक–14.04.2024 तक 3, 21.04.2024 तक 3 अवर जलाशय** का कार्य पूर्ण कर लिया जायेगा।
4. **वितरण प्रणाली:**–फर्म के प्रतिनिधि द्वारा बताया गया कि 211.49 किमी0 के सापेक्ष 174 किमी पाइप लाइन बिछायी गयी है। आश्वासन दिया गया कि **दि0 07.03.2024 तक 8.5 किमी 14.03.2024 तक 13.5 किमी0, 21.03.2024 तक 13.5 किमी तथा 28.03.2024 तक 1.99 किमी** पाइप लाइन बिछाने का कार्य पूर्ण कर लिया जायेगा।
5. **एफ.एच.टी.सी.**–फर्म के प्रतिनिधि द्वारा बताया गया कि 16850 एफ.एच.टी.सी. के सापेक्ष 10200 एफ.एच.टी.सी. कनेक्शन का कार्य किया गया है, फर्म द्वारा आश्वासन दिया गया कि **दि0 07.03.2024 तक 1650 नल संयोजन, 14.03.2024 तक 1700, 21.03.2024 तक 1650, 31.03.2024 तक 1650 नल संयोजन** का कार्य पूर्ण कर लिया जायेगा।
6. **रोड़–रेस्टोरेशन:**–अधिशासी अभियंता जल निगम ग्रामीण द्वारा अवगत कराया गया कि फर्म द्वारा 18 ग्रामों के सापेक्ष मात्र 01 ग्राम में रोड़–रेस्टोरेशन का कार्य पूर्ण किया गया है। फर्म के प्रतिनिधि द्वारा आश्वासन दिया गया कि **दि0 07.03.2024 तक 01, 14.03.2024 तक 1, 21.03.2024 तक 3, 28.03.2024 तक 2, 07.04.2024 तक 4, 14.04.2024 तक 6 ग्रामों** में रोड रेस्टोरेशन का कार्य पूर्ण कर लिया जायेगा।

जिलाधिकारी महोदय द्वारा कार्य की धीमी प्रगति पर असंतोष व्यक्त किया तथा फर्म के प्रतिनिधि को निर्देशित किया कि पर्याप्त मानवश्रम व मशीनरी लगाकर सभी कम्पोनेन्ट पर एक साथ तथा कार्ययोजना के अनुसार कार्य कराना सुनिश्चित करें।

Scanned with OKEN Scanner

जिलाधिकारी महोदय द्वारा सभी कार्यदायी फर्मो को निर्देशित किया गया कि आगामी लोक सभा निर्वाचन के दृष्टिगत रोड रेस्टोरेशन का कार्य प्राथमिकता के आधार पर कराते हुए मार्च, 2024 तक पूर्ण कर ली जाय, जिससे निर्वाचन के समय असहज स्थिति उत्पन्न न हो। अन्यथा की स्थति में सम्बन्धित फर्न के विरुद्ध नियमानुसार कार्यवाही की जायेगी।

जिलाधिकारी महोदय द्वारा कार्यदायी संस्थाओ को निर्देशित किया गया कि पर्याप्त मानवश्रम एवं आवश्यक मशीनरी लगाकर समय से प्रस्तावित कार्य निर्धारित ड्राइंग डिजाइन एवं गुणवत्तापूर्वक पूर्ण करायें। इसके अतिरिक्त यह भी सुनिश्चित कर लिया जाय कि कार्य सम्पादन में जो सड़क/सी.सी. रोड़/गलियां छतिग्रस्त हो गयी हों, उनके पुर्ननिर्माण का कार्य पाइप लाइन बिछाये जाने तथा हाइड्रोटेस्टिंग के पश्चात पूर्व की स्थिति के अनुसार गुणवत्तापूर्ण सम्पन्न हो गया है। अधिशासी अभियंता, जल निगम ग्रामीण, पी0एम0सी0, टी0पी0आई0 को निर्देशित किया गया कि सत्यापन करा लिया जाय कि राजस्व ग्राम के सभी परिवारों में गृह नल संयोजन दिये जाने का कार्य पूर्ण कर लिया गया है, कोई भी परिवार छूटा नही है तथा राजस्व ग्राम के सभी मोहल्ला/गली/वार्ड में पाइप लेइंग/रोड-रेस्टोरेशन का कार्य शत-प्रतिशत पूर्ण कर लिया गया है। कार्ययोजना के अनुसार कमिशनिंग कराया जाय, ग्रामों में पेयजल की टेस्टिंग/ट्रायल शुरू कराने के बाद इसे बन्द न किया जाय, निर्बाध रूप से पेयजल की आपूर्ति सुनिश्चित की जाय। ग्राम में शत-प्रतिशत कनेक्शन तथा रोड़ रेस्टोरेशन कराकर 'हर घर जल' ग्राम घोषित कराया जाय। ग्रामों में पेयजल आपूर्ति का रोस्टर तैयार कर उसका प्रचार-प्रसार कराया जाय। अधिशासी अभियंता/अधिशासी अभियंता, जल निगम (ग्रामीण), हमीरपुर, टी0पी0आई0 तथा पी0एम0सी0 व्यक्तिगत रूचि लेते हुए कार्य मानक के अनुरूप, गुणवत्तापूर्ण तथा स्वीकृत ड्राइंग डिजाइन के अनुरूप कराये तथा कार्य में किसी प्रकार की लापरवाही न बरती जाय।

कृपया उपरोक्त कार्यवृत्त से सहमति की दशा में अनुमोदन करना चाहें।

12/03/2024
(देवेन्द्र प्रताप पटेल)
वीडर अभिलेखागार आंग्ल
सम्बद्ध नमामि गंगे
कलेक्ट्रेट-हमीरपुर

12/3/24
ADM(HG)

-अनुमोदित।
12-3/24
(DM)

Scanned with OKEN Scanner